लखनऊ में फरवरी-मार्च से शुरु हो जाएगा ब्रह्मोस का निर्माण

राजनाथ बोले- डीआरडीओ का कार्य भी जल्द पूरा होगा, लखनऊ वालों को मिलेगा लाभ

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सनातन धर्म को लेकर दिए जा रहे विवादित बयानों पर कड़ी प्रक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को लेकर विवादित बयान बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि सनातन धर्म का जहां तक प्रश्न है, ये नित नूतन क्षीर पुरातन है। सनातन धर्म का न आदि है और न ही अंत। दुनिया की कोई भी ताकत इसे खत्म नहीं कर सकती। वे शनिवार को लखनऊ में कई स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने निकले थे।

रक्षामंत्री ने कहा कि यह एक ऐसा धर्म है जो वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देता है। यानि जाति, पंथ, मजहब और इन सबसे ऊपर है। पूरा विश्व ही हमारा परिवार है। यह संदेश देने वाला सनातन धर्म है। सनातन धर्म पर यदि संकट आया तो मैं समझता हूं कि मानव समाज के लिए बहुत बड़ा संकट होगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि फरवरी-मार्च के बाद लखनऊ की धरती पर ब्रह्मोस मिसाइल बनने का काम भी शुरू हो जाएगा। डीआरडीओ का कार्य भी जल्द पूरा होगा। इससे लखनऊ वासियों को लाभ मिलेगा। राम मंदिर के सवाल पर

रक्षामंत्री ने कहा, दुनिया की कोई ताकत सनातन धर्म को खत्म नहीं कर सकती



राजधानी के ज्योतिबा फुले लॉन में अंबर फाउंडेशन के कार्यक्रम में बोलते राजनाथ सिंह । -अमर उजाला

रक्षामंत्री ने कहा कि जल्द ही मंदिर का उद्घाटन होगा। राजनाथ सिंह ने लखनऊ में चल रहे ओवरब्रिज निर्माण और गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर हो रहे कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। वे रविवार शाम को दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

योजनाओं का लाभ देने में नहीं देखा जाता धर्म

राजनाथ सिंह ने शनिवार शाम को एक कार्यक्रम में कहा कि जाति, पंथ, मजहब की बात की जाती है। मुझे लगता है कि इंसानियत से बड़ा धर्म और मजहब नहीं हो सकता। हमारी सरकार ने भी ऐसे ही काम किया है। लोगों का खाता खोलते समय यह नहीं देखा है कि कौन छोटा है, कौन बड़ा है, कौन किस जाति, पंथ और मजहब का है। उज्जवला योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने में भी ऐसा नहीं सोचा। अल्पसंख्यक समुदाय के लिए भी जो योजनाएं चलाई गई, उसमें कोई भी व्यक्ति भेदभाव का आरोप हमारी सरकार पर नहीं लगा सकता है। कोरोना काल में सभी धर्म के लोगों को टीका लगवाया गया। सरकार ने बिना भेदभाव के सबके लिए राशन निशुल्क मुहैया कराने का काम किया। कहा कि हम भारत को सशक्त भारत बनाना चाहते हैं। भेदभाव से उठकर हमको मिलकर काम करने की जरूरत है। मोदी सरकार आने के बाद भारत का कद दुनिया में तेजी से बढ़ा है। आज भारत कुछ कहता है तो पूरी दुनिया कान खोल कर सुनती है।